19- korba-Bhoomi pg-1-JACKET_Layout 1 4/19/2025 10:58 PM Page 1

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 20 अप्रैल 2025

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]


# श्री खाटू श्याम ज्योतिष



## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## पं. एस.के. शास्त्री




दुर्ग के सुप्रसिद्ध ज्योतिष
अब आपके शहर
कोरबा में

हर मुश्किल से मुश्किल
समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं,
मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम,
तो हमसे ले समाधान"

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया, शादी के लिए माता-पिता को मनाना

ऑफिस आने
पर मात्र ₹ 251/-

फोन से परामर्श
केवल ₹ 501/-

### जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान-संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

"जब कही ना हों काम,
तो हमसे ले समाधान"



बुकिंग के लिए संपर्क करें
9630891863

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
मार्गदर्शक : रोने से नहीं मिलने से कष्ट दूर होंगें
नया रामावतार पेट्रोल पंप के सामने, सहदेवड़ा ज्वेलर्स के बाजू दर्री रोड, कोरबा (छ.ग.)

-: संपर्क सूत्र :-

पं. एस.के. शास्त्री : +91 9630891863

19 korba-pg2_Layout 1 4/19/2025 11:27 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### जल योजना का निजी उपयोग जनपद उपाध्यक्ष ने लिया संज्ञान

**मड़वारानी।** ग्राम पंचायत कराईनारा के अंतर्गत ग्राम सीधा पाठ में सरकार द्वारा खनिज न्यास मद से संचालित पेयजल सुविधा विस्तार कार्य का दुरुपयोग सामने आया है। गांव के एक ग्रामीण द्वारा इस सरकारी बोर का उपयोग व्यक्तिगत रूप से किया जा रहा है, जो कि जनहित में संचालित इस योजना के उद्देश्यों के विपरीत है। जनपद उपाध्यक्ष मनोज झा मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों और ग्राम पंचायत सरपंच को उचित दिशा-निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि यह जल सुविधा आम जनता के लिए है और इसका उपयोग समस्त ग्रामीणों को समान रूप से मिलना चाहिए। जनपद उपाध्यक्ष ने यह भी आश्वासन दिया कि इस मामले में कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो, इसके लिए सतत निगरानी की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही, उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि यदि कहीं पर इस तरह की कोई अन्य अनियमितता हो तो वे तत्काल प्रशासन को सूचित करें, ताकि समय पर समाधान हो सके।

### मदनपुर-केराकछार में धान व मूंगफली की फसल को हाथियों ने रौंदा

**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के कुदमुरा रेंज के कक्ष क्रमांक 1139 में विगत दो दिनों से डेरा डालकर ग्रामीणों व वन अमले को परेशान करने वाले 39 हाथियों का दल अब पसरखेत, केराकछार, छिंदकोना होते हुए कोरकोमा जंगल पहुंच गया है। हाथियों के दल ने यहां पहुंचने से पहले रास्ते में मदनपुर व केराकछार में 9 ग्रामीणों के खेतों व बाड़ी में लगे धान व मूंगफली के पौधों को तहस-नहस कर दिया जिससे संबंधित ग्रामीणों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। ग्रामीणों को हाथियों के क्षेत्र में आने तथा फसल रौंदे जाने की जानकारी आज सुबह तब लगी जब वे फसल को देखने खेतों में पहुंचे तो उसे तहस-नहस पाया। खेतों में हाथियों के पैरों के निशान थे, उन्हें यह समझने में देर नहीं लगी कि हाथियों ने उनकी मेहनतों पर पानी फेर दिया है। पीड़ित ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी जिस पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी आज सुबह मौके पर पहुंचकर हाथियों द्वारा किए गए नुकसानी का आंकलन शुरू कर दिए हैं। डिप्टी रेंजर केशरवानी ने बताया कि वर्तमान में हाथियों का दल कोरकोमा जंगल में विचरण कर रहा है जिसकी निगरानी अमले द्वारा लगातार की जा रही है। कोरकोमा व आसपास के गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है। उन्हें बड़ी संख्या में हाथियों के क्षेत्र में आने की सूचना देते हुए हाथियों तथा जंगल से दूरी बनाए रखने की चेतावनी दी जा रही है।

## निधन

### वासुदेव वाडस्कर



**हरदीबाजार।** सराईसिंगार निवासी वासुदेव वाडस्कर (62 वर्ष) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम सौंसर जिला पांढुर्णा मध्यप्रदेश में किया गया। वे अपने पीछे पत्नी, पुत्र व नाती पोतों से भरापूरा परिवार रोता बिखता छोड़ गए हैं। अंतिम संस्कार में परिवार परिजन सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## 70-80 प्रतिशत भुगतान प्राप्त करने वाले ठेकेदार आएंगे दायरे में

# जल जीवन मिशन में ठेकेदारों द्वारा किए गए कार्यों का होगा भौतिक सत्यापन: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर श्री वसंत ने जेजेएम अंतर्गत कार्य करने वाले ऐसे ठेकेदार जिनको 70-80 प्रतिशत भुगतान हो चुका है, उनके द्वारा किये गए कार्यों का सत्यापन करने के निर्देश कार्यपालन अभियंता को दिए। कलेक्टर ने इसके सत्यापन के लिए फॉमेट बनाने और जल संसाधन के ईई के साथ संयुक्त टीम बनाकर कार्यों के सत्यापन के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शुक्रवार को पीएचई विभाग के कार्यों की समीक्षा की।

**खास बात**

- जल जीवन मिशन के कार्यों की हुई समीक्षा



समीक्षा बैठक लेते कलेक्टर।

बैठक कलेक्टर ने हर घर जल प्रमाणीकरण अंतर्गत पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों के तहत उपलब्धि हासिल नहीं किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन अंतर्गत किये गये हर घर जल प्रमाणीकरण की संख्या सौ और रिपोर्टेड की संख्या 30 होनी चाहिए। जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने प्रगतिरत सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने एकल ग्राम औश्र समूह नलजल प्रदाय योजना की समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने पोंड़ी उपरोड़ा अंतर्गत एतमानगर मल्टीविलेज जल आपूर्ति योजना में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश देते हुए पाइप लाइन बिछाने में राष्ट्रीय राजमार्ग में एनओसी की आवश्यकता के लिए पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पंप आधारित मिनी जल प्रदाय योजनाओं की जानकारी ली और बसाहटो में सोलर आधारित नल जल प्रदाय करने के निर्देश देते हुए लोगों को पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पानी टंकी निर्माण की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधूरे कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### पाली पोड़ी ब्लॉक चल रहे लक्ष्य से पीछे

जिले की सभी 524 आरसीसी पानी टंकी निर्माण पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया और 100 नल जल योजनाओं को पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए बीते माह में दिए गए लक्ष्य को पूरा नहीं करने पर कटघोरा, पाली, पोड़ी-उपरोड़ा के एसडीओं को लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने आईएसए सहित अन्य देयकों के भुगतान से पूर्व कार्यों का परीक्षण कराने के निर्देश भी दिए।

## टीवीएस शोरूम पहुंचे असरानी..



**कोरबा।** बॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता गोवर्धन असरानी शनिवार को तुलसी टीवीएस शोरूम पहुंचे। जहां उनका स्वागत तुलसी टीवीएस के डायरेक्टर केदारनाथ अग्रवाल ने किया और उन्हें तुलसी टीवीएस की उच्च गुणवत्ता वाली मोटरसाइकलों और स्कूटरों की जानकारी दी। गोवर्धन असरानी ने भी तुलसी टीवीएस की सराहना की और गाड़ियों की गुणवत्ता को लेकर सकारात्मक विचार व्यक्त किए।

### रेलवे एम्पलाई एसोसिएशन ने मनाया अंबेडकर जयंती

**कोरबा।** रेलवे आल इंडिया एससीएसटी रेलवे एम्पलाई एसोसिएशन कोरबा शाखा द्वारा भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती समारोह 18 अप्रैल को डॉ.भीमराव अंबेडकर भवन, बौद्ध विहार, मुड़ापार, कोरबा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बिलासपुर से आए मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष शिव मंगल, जोनल सचिव प्रभात पासवान, कोषाध्यक्ष अनिल केरकेट्टा, अतिथि विनोद पासवान, बंजारे, लोकनाथ प्रधान एवं अतिथि डीएन रवि, सुंदरलाल राय, विक्रमादित्य कुमार एवं आमंत्रित विशिष्ट अतिथि रमेश जटवार बालको, बसंत आदि ने किया।

### समाज सेवा के लिए अजय सम्मानित



कटघोरा। नितेश मेमोरियल स्कूल के स्थापना दिवस पर आयोजित सम्मान समारोह में पहुंचे फिल्म अभिनेता असरानी ने समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए माइक्रो चेयरपर्सन ला अजय धनोंदिया को फ़्लिम अभिनेता असरानी के द्वारा सम्मान प्रदान किया गया।

## किरण, सुनील, दीपक पुष्पेंद्र बने सांसद प्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने जिला प्रशासन की विभिन्न विभागों की बैठकों में शामिल होने के लिए अपनी अनुपस्थिति में शामिल होने के लिए उनकी जगह अपने सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किए हैं। जिनमें दीपक जैन को अंत्यव्यवसायी विभाग का प्रतिनिधि बनाया गया है। जो योजनाओं की बैठक में शामिल होंगे। इसी तरह युवा नेता किरण चौरसिया को भी सांसद प्रतिनिधि बनाया गया है। श्री चौरसिया को मेडिकल कॉलेज के लिए सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। जो मेडिकल कॉलेज से संबंधित होने वाली बैठकों में शामिल होंगे। इसी तरह सुनील जैन को ऊर्जा विभाग के लिए सांसद प्रतिनिधि के पद पर नियुक्त किया गया है। इसी तरह पाली क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामनारायण कश्यप को सहकारिता विभाग और कृषि उपज मंडी क्षेत्र के लिए सांसद प्रतिनिधि के बतौर नियुक्ति की गई है। वहीं हरदीबाजार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पेंद्र शुक्ला को एनटीपीसी सीपत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में जनहित से जुड़े मुद्दे एवं जनसमस्याओं के निराकरण के लिए सांसद प्रतिनिधि बनाया गया है। ज्योत्सना महंत के द्वारा नियुक्त किए गए सभी सांसद प्रतिनिधि अपने अपने विभागों की बैठकों में सांसद की अनुपस्थिति में शामिल होंगे।



किरण चौरसिया



सुनील जैन



दीपक जैन



पुष्पेन्द्र शुक्ला

# बालको के विश ट्री अभियान से 25 गांव के 500 बच्चों की इच्छाएं हुई पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हम बालको में मानते हैं कि परोपकार का सबसे छोटा कार्य भी गहरा प्रभाव छोड़ सकता है। विश ट्री अभियान हमारे लिए केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक भावना है, जो खुशी, सहानुभूति और समाज के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बच्चों की इच्छाओं को पूरा कर हम उन्हें बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। बच्चे उज्जवल भविष्य की नींव हैं। इस तरह की पहल के माध्यम से हमारा उद्देश्य उनके सपनों को पोषित करना और समुदाय के साथ अपने रिश्तों को मजबूत बनाना है।

**खास बात**

- कंपनी ने चौथे वर्ष भी बच्चों के सपनों को किया साकार



कार्यक्रम में उपस्थित स्कूल के बच्चे।

उक्त बातें बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने बालको के वार्षिक विश ट्री अभियान के चौथे संस्करण के समापन अवसर पर कही। इस अभियान के माध्यम से बालको ने अपने आसपास के समुदायों के बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाई और उनके छोटे-छोटे सपनों को साकार किया। इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की इच्छाओं को पूरा करना था, जिसमें बालको के कर्मचारी स्वयंसेवक के रूप में शामिल हुए। यह पहल उन बच्चों की जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करने पर केंद्रित है जो अक्सर बुनियादी सुविधा से वंचित रहते हैं। अभियान के अंतर्गत 3 से 10 वर्ष के बच्चों से 25 गांवों में जाकर 500 से अधिक इच्छाएं एकत्र की गईं। इन इच्छाओं में पेंसिल बॉक्स, स्कूल बैग, जूते, कपड़े और अन्य ज़रूरी चीज़ें शामिल थीं। बालको के 300 से अधिक कर्मचारी स्वयंसेवक ने इन इच्छाओं को व्यक्तिगत रूप से अपनाया, वस्तुएं स्वयं खरीदीं और बच्चों को उपहार स्वरूप भेंट दीं। माखुरपानी के सरपंच बहोरन सिंह मंझवार ने विश ट्री पहल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इनमें से अधिकांश बच्चे वंचित परिवारों से आते हैं, जहाँ बुनियादी ज़रूरतें भी पूरी नहीं हो पातीं। विश ट्री अभियान के माध्यम से बालको के कर्मचारियों ने उनसे पूछा कि वे क्या चाहते हैं, और उनकी सार्थक इच्छाओं को पूरा किया। यह देखकर बेहद खुशी होती है कि बालको जैसी कंपनी इतनी आत्मीयता से हमारे बच्चों की ज़रूरतों और भावनाओं को समझती है। इससे हमारे समुदाय में उम्मीद और विश्वास को नई मजबूती मिली है।बालको कर्मचारी फिजा बेग ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहती हैं कि जब किसी बच्चे की आंखों में चमक देखी, तो यह अहसास हुआ कि छोटी-सी परोपकार भी कितनी गहराई से असर डाल सकती है। यह अनुभव मेरे लिए जीवनभर की प्रेरणा बन गया है।

# कूलिंग टॉवर से प्रभावित परिवार को नियमानुसार दिया जाए मुआवजा व पुनर्वास: जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने केन्द्रीय श्रम मंत्री मनसुखलाल मंडाविया को पत्र लिखकर बालको के कूलिंग टॉवर से प्रभावित शांतिनगर के 86 परिवारों को शासन के नियमानुसार मुआवजा एवं पुनर्वास दिए जाने के प्रबंधन द्वारा लिखित आश्वासन पर अमल करने व पीड़ित परिवारों को राहत पहुंचाने की मांग की है।

**खास बात**

- पूर्व मंत्री ने केन्द्रीय श्रम मंत्री को लिखा पत्र

पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल द्वारा अपने पत्र में उल्लेख किया गया है कि बालको कूलिंग टॉवर निर्माण एवं प्रचालन से शांतिनगर के नागरिकों ने स्वास्थ्यगत परेशानियां का हवाला देते हुए धरना प्रदर्शन करते हुए पूर्व में उग्र आंदलन किया था, जिसे संज्ञान में लेकर जन प्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के दबाव में त्रिपक्षीय वार्ता वर्ष 2013 में हुई और प्रभावित 86 परिवारों की समस्याओं के समाधान के लिए संभावित विकल्पों पर बनी सहमति के साथ ही बालको परियोजना प्रमुख जे के मुखर्जी ने बालको प्रबंधन के मंतव्य से जिला प्रशासन को लिखित में अवगत कराया था। बालको प्रबंधन के पत्र के अनुसार व्यपवर्तित भूमि और सामान्य भूमि के साथ ही कच्चा एवं पक्का मकान के लिए शासन द्वारा निर्धारित दर पर मुआवजा राशि का आकलन किया जाएगा और चरणबद्ध रूप में मुआवजा राशि का भुगतान किया जाएगा। शासन को दिए गए पत्र के अनुसार मुआवजे की सम्पूर्ण राशि का भुगतान प्राप्त कर लेने व बालको के पक्ष में रजिस्टी कर देने के बाद संबंधित परिवारों का उस संपत्ति पर से कब्जा शून्य हो जाएगा। केन्द्रीय श्रम मंत्री को लिखे पत्र में आगे बताया गया है कि लगभग 12 साल से अधिक का समय बीत चुका है और अभी भी बालको प्रबंधन ने सभी परिवारों को मुआवजे का भुगतान नहीं किया है।



जयसिंह।

### विहिप व बजरंग दल ने ममता का फूंका पुतला

**कोरबा।** पश्चिम बंगाल में वक़्फ़ (संशोधन) कानून के खिलाफ हुए प्रदर्शन के दौरान हिंदू समुदाय पर कथित रूप से हुई हिंसा और षड्यंत्रकारी दंगों के विरोध में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा सुभाष चौक, निहारिका में एक आक्रोश विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग शामिल हुए। विरोध कार्यक्रम के अंतर्गत पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन कर उनके शासन में हुई घटनाओं के प्रति आक्रोश जताया। विहिप और बजरंग दल के जिला संयोजकों ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हाल ही में हुए घटनाक्रम अत्यंत चिंताजनक और हिंदू समाज को लक्ष्य बनाकर किए गए हैं।

# एसईसीएल सीएमडी दुहन पहुंचे गेवरा मेगा प्रोजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन द्वारा 18 अप्रैल 2025 को गेवरा मेगा प्रोजेक्ट का दौरा कर खनन कार्यों का जायजा लिया गया। इस मौके पर उन्होंने परियोजना के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा की और विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की।

श्री दुहन ने भूमि अधिग्रहण की प्रगति, मुआवजे के वितरण की स्थिति तथा मानसून की तैयारी की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन मामलों में मुआवजे का वितरण लंबित है, उन्हें प्राथमिकता से निपटाया जाए और सभी संबंधित विभागों के समन्वय से कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने अनुबंधित एजेंसियों के कार्य निष्पादन की समीक्षा करते हुए गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, वार्षिक कार्य योजना के लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में अब तक हुई प्रगति की भी समीक्षा की गई। सीएमडी ने हैवी अर्थ मूविंग मशीनरी की उपलब्धता, उपयोगिता और मरम्मत की स्थिति की समीक्षा की तथा मशीनों के अधिकतम उत्पादक उपयोग पर बल दिया। उन्होंने विभागीय निष्पादन की भी गहन समीक्षा की और बेहतर परिणामों हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



# विरोध का सामना करना पड़ा एसईसीएल अमले को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन और प्रशासन भारी भरकम मशीनों के कुसमुंडा खदान से लगे ग्राम पाली पडनिया पहुंचे और गांव के मुहाने में खुदाई का काम शुरू कर दिया गया। यह देखकर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और खुदाई का विरोध करने लगे। प्रशासन का कहना था कि जिनकी जमीन का अधिग्रहण हो गया है उनकी जमीन ही खोदी जा रही है। वहीं ग्रामीणों का कहना है की प्रशासन और प्रबंधन यहां दोहरा रवैया अपना रहा है, यहां जिनकी जमीन अधिग्रहित है उनकी जमीन खोदने के साथ साथ मुआवजा नहीं लेने वाले लोगों की जमीन भी जबरन खोद दी जा रही है।



विरोध प्रदर्शन करते प्रभावित ग्रामीण।

मशीन उन खेतो में भी चल रही है जिस जमीन का अभी अधिग्रहण नहीं हुआ है। प्रबंधन बार बार बिना बताए यहां मशीन लेकर जमीन खोदने पहुंच जाता है, इसका सभी ग्रामीण विरोध कर रहे है। मशीन लेकर पहुंचे प्रबंधन ने खुदाई का काम शुरू कर दिया। धीरे-धीरे ग्रामीण बड़ी संख्या में एकत्र हुए और खुदाई का जमकर विरोध किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंची पुलिस बल और ग्रामीणों में कई बार विवाद की स्थिति भी देखने को मिली। शाम में ग्रामीणों ने कोर्ट का स्टे ऑर्डर प्रशासन को दिखाया जिसके बाद प्रबंधन मशीनों को लेकर वापस लौटा। ग्रामीणों का कहना है की से देश हित में अपनी जमीन देना चाहते है, परंतु वर्तमान नियमो से सभी को मुआवजा,बसावट और नौकरी दी जाए। जमीन जब आज ले रहे तो पुराने दर पर मुआवजा किस लिए। कुसमुंडा खदान को विस्तार की आवश्यकता है जिसके लिए खदान से लगे ग्राम पाली पडनिया की जमीन को लेने का प्रयास किया जा रहा है। कुछ जमीन का अधिग्रहण हो चुका है, कई ग्रामीण जमीन देकर नौकरी भी कर रहे हैं, वहीं कई कम मुआवजा और नौकरी नही मिलने की वजह से जमीन देना नही चाहते।

## पृष्ठ 3 का शेष

### एनएचएआई की नई...

है लेकिन सड़क निर्माण को लेकर नए एलाइनमेंट बनाए जाने की जानकारी सामने आई है। इससे एक बार नए सिरे से सर्वे का कार्य होगा जो अभी भी ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ है। जबकि उरगा से कटघोरा तक की दूरी पहले एलाइनमेंट के तहत 37 किमी तय की गई थी। किंतु नए एलाइनमेंट जारी होने के बाद इसकी दूरी 82 किमी बताई गई है। इससे लागत बढ़ने की संभावना देखते हुए फिर से नए सिरे से सर्वे किए जाने की जानकारी मिली है।

### कर्मचारियों को बंधक...

आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी प्रमोद डनसेना एवं सायबर सेल के द्वारा टीम गठित कर आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की कार्यवाही की गई। पकड़े गए आरोपियों में छोटूलाल गुर्जर उम्र 32 वर्ष निवासी खपराभट्ठा, स्थायी पता भेरुखेड़ा, शंभुगढ़, जिला भीलवाड़ा, मुकेश शर्मा उम्र 31 वर्ष निवासी तेजिया खेड़ी थाना रायपुर, जिला भीलवाड़ा, देवीलाल उम्र 24 वर्ष निवासी आदर्श नगर कुसमुंडा, मुकेश गुर्जर उर्फ कालू उम्र 21 वर्ष निवासी खपराभट्ठा, स्थायी पता मोटरास माताजी खेड़, थाना बदनोर, भीलवाड़ा एवं एक अपचारी बालक निवासी कानिया, थाना गुलाबपुर, भीलवाड़ा शामिल है। वहीं मामले में आरोपी केशु केसरी, सोहन फरार हैं, जिन्हें पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 127(2), 115(2), 308(2), 3(2), 3(6) एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 191(2), 351(2) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, जबकि अपचारी बालक को किशोर न्याय बोर्ड में प्रस्तुत किया गया। कोरबा पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निरंतर प्रयास जारी हैं एवं अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### एक ही दिन में...

की सूचना मिलते ही कटघोरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। साथ में डॉग स्क्वाड बाघा टीम को भी बुलाया गया, जिसने घर और आसपास के क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाया। पुलिस ने आस-पास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है ताकि चोरों तक जल्द से जल्द पहुंचा जा सके।




तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 20 अप्रैल 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 दर्री में 5 करोड़ 78 लाख से हो रहा ई-बसों के टर्मिनल का निर्माण



## खबर संक्षेप

### सरईसिंगार में मनाया गया पोषण पखवाड़ा

**कोरबा।** हरदीबाजार सेक्टर के ग्राम पंचायत सरईसिंगार में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत सरईसिंगार के सभी आंगनबाड़ियों में गुरुवार को सीडीपीओ बजरंग प्रसाद सान्डे के निर्देश में सुपोषण चौपाल का आयोजन कर पोषण पखवाड़ा मनाया गया। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा उपस्थित महिलाओं को जीवन के प्रथम हजार दिन, सी मैम प्रबंधन, बच्चों में मोटापा तथा पोषण ट्रैकर ऐप में बेनिफिसयरी मॉड्यूल के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही किशोरी बालिकाओं का पोषण से संबंधित रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### सेमेस्टर परीक्षा के लिए नोटिफिकेशन जारी

**कोरबा।** शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए स्नातक द्वितीय सेमेस्टर के नियमित, स्वाध्यायी परीक्षार्थी, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा पाठ्यक्रमों एवं विधि संकाय के स्नातक-स्नातकोत्तर सम सेमेस्टर का आनलाईन परीक्षा आवेदन (एग्जाम फॉर्म) का नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। विश्वविद्यालय के अधिकृत वेब पोर्टल पर अवलोकन किया जा सकता है। आनलाईन परीक्षा आवेदन की प्रारंभिक एवं अंतिम तिथि 15 से 25 अप्रैल निर्धारित की गई है। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के परीक्षा नियंत्रक डॉ तरुण धर दीवान की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि आनलाईन परीक्षा आवेदन की हार्डकॉपी, आनलाईन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति अपने महाविद्यालय के शिक्षण विभाग में 28 अप्रेल तक जमा करना है।राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत सत्र 2024-25 के लिए स्नातक द्वितीय सेमेस्टर के नियमित, स्वाध्यायी परीक्षार्थी तथा महाविद्यालयों, विश्वविद्याल विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के सभी स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा पाठ्यक्रमों एवं विधि संकाय के स्नातक/ स्नातकोत्तर सम सेमेस्टर का आनलाईन परीक्षा आवेदन (एग्जाम फॉर्म) विश्वविद्यालय के अधिकृत वेब पोर्टल के माध्यम से भराये जाने हेतु तिथि निर्धारित किया गया है।

### पद्मश्री पुरस्कार हेतु 31 जुलाई तक नामांकन

**कोरबा।** जिला प्रशासन द्वारा सभी कार्यालय प्रमुखों से पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्मश्री पुरस्कार 2026 हेतु 31 जुलाई तक नामांकन प्रस्ताव ऑनलाइन आमंत्रित किया गया है। पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्म श्री पुरस्कार के लिये भारत सरकार के गाइडलाइन अनुसार निर्धारित पात्रता एवं मापदण्ड के अनुरूप होने चाहिये।

### पोषण पखवाड़ा का आयोजन 22 तक

**कोरबा।** व्यक्तिगत एवं समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी व्यवहार परिवर्तन एवं जागरूकता लाने एवं जिले में पोषण संबंधी परिणामों में सुधार लाने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। पोषण पखवाड़ा 2025 में मुख्य रूप से 4 थीम पर आधारित गतिविधियां का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जीवन के प्रथम 1000 दिवस पर विशेष ध्यान, पोषण ट्रैकर में उपलब्ध बेनिफिशरी मॉड्यूल का व्यापक प्रचार-प्रसार, सी-सेम मॉड्यूल का प्रबंधन, बच्चों में मोटापे के समस्या को रोकने के लिए स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाने के संबंध में जागरूकता केन्द्रित है। इस हेतु 8 से 22 अप्रैल तक प्रतिदिन आंगनबाड़ी केन्द्रों में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस संबंध में गतिविधियों का कैलेण्डर भी तैयार किया गया है। आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण भी पढ़ाई भी, पर्यावरण संरक्षण, ईसीसीई गतिविधियां, एनीमिया उन्मूलन संबंधित गतिविधियां संचालित की जाएगी।

# एनएचएआई की नई फोरलेन सड़क के सर्वे का काम ठंडे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

एनएचएआई की उरगा से कटघोरा 37 किमी प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण के सर्वे का काम अभी भी ठंडे बस्ते में चल रहा है। नए एलाइनमेंट के बाद भी प्रभावित ग्रामों के ग्रामीणों को सड़क के गुजरने को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है। जबकि एलाइनमेंट को तैयार हुए एक वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है और फंड भी जारी हो चुका है।

उरगा से कटघोरा एनएचएआई के फोरलेन सड़क निर्माण का काम कोरबा प्रोजेक्ट की जगह बिलासपुर प्रोजेक्ट को हैंडओवर किया गया है जबकि चांपा से उरगा तक फोरलेन सड़क निर्माण एनएचएआई के कोरबा प्रोजेक्ट के द्वारा ही किया गया है। किंतु कोरबा से कटघोरा फोरलेन सड़क निर्माण के लिए जब से बिलासपुर प्रोजेक्ट को जिम्मेदारी दी गई है तब से यह काम ठंडे बस्ते में चला गया है जबकि सर्वे का काम एक वर्ष पूर्व हो चुका ⏭ शेष पेज 2 पर

## उरगा से कटघोरा तक किया जाना है फोरलेन सड़क का निर्माण

**खास बातें**

- प्रभावित ग्रामों के ग्रामीणों को नहीं दी जा रही जानकारी
- बालको के आउटर से गुजरेगी फोरलेन सड़क



### रिंग रोड के चौड़ीकरण की योजना

एनएचएआई के प्रोजेक्ट का एलाइनमेंट चेंज होने के बाद फोरलेन सड़क का निर्माण बालको रिंग रोड में नहीं होने की जानकारी पुष्ट हो गई थी किंतु राज्य सरकार के बजट में बजरंग चौक से परसाभाठा बालको रिंग रोड को फोरलेन की घोषणा किए जाने के बाद बालको क्षेत्र में दो फोरलेन का गुजरना तय माना जा रहा है। परसाभाठा बजरंग चौक से रिंग रोड सड़क निर्माण एनएचएआई के पुराने सर्वे के रिपोर्ट पर ही किया जा सकता है।

### पूर्व में रिंग रोड बालको का हुआ था सर्वे

एनएचएआई के उरगा से कटघोरा प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण के लिए बालको परसाभाठा से रिंग रोड सड़क का सर्वे हुआ था और एनएचएआई की टीम तथा राजस्व अमले के द्वारा रिस्दी से लेकर बालको ग्राम रिस्दा, पाड़ीमार की जमीनों का सर्वे कर पोल भी गाड़ा गया था। वहीं श्रमिक बाहुल्य बस्ती परसाभाठा का भी सर्वे किया गया था, जिसके बाद से विरोध के स्वर खड़े हो गए थे। बालको रिंग रोड के सर्वे के बाद आगे की कार्यवाही ठप्प पड़ी रही। ऐसी स्थिति में एनएचएआई के नये एलाइनमेंट के तहत उरगा से कटघोरा फोरलेन सड़क बालको के बाहर से गुजारी जा रही है। उसपर भी आगे की कार्यवाही ठप्प पड़ी हुई है।

## सुगम एप्प से शुरु हुई छोटे-छोटे जमीनों की रजिस्ट्री की प्रक्रिया

# रजिस्ट्री के लिए अब आरआई, पटवारियों को खींचना होगा स्थल का फोटो, करना होगा ऑनलाइन अपडेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जमीन के सही लोकेशन के लिए सुगम एप्प लॉंच किया गया है। इसके तहत जिस जमीन की जितने रकबे की रजिस्ट्री की जाएगी। उस

**खास बात**

- फर्जी जमीन की रजिस्ट्री पर लगने लगी रोक

जमीन की आरआई, पटवारी और पक्षकार को स्थल की फोटो खींचकर सुगम एप्प में लोड करना होगा। इससे कहीं और जमीन की रजिस्ट्री एवं फर्जीवाड़ा पर रोक लग सकेगी। सुगम एप्प से रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है।

पूर्व में जमीन रजिस्ट्री को लेकर यह शिकायतें आम हो चली थी कि खरीदार को कहीं और की जमीन दिखाई जाती थी और रजिस्ट्री कहीं और की होती थी। ऐसी स्थिति में क्रेता खरीदी हुई जमीन पर कब्जा नहीं पाता था और ऐसे मामले धारा 89 के तहत अनुविभागीय अधिकारी के न्यायालय में पहुंचने लगे हैं। ऐसे 50 से अधिक प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी के न्यायालय में सुनवाई के लिए विचाराधीन है जिसमें जमीन विवाद के ही मामले प्रमुख हैं और वह भी शहर के ही लगे हुए ग्राम नकटीखार, रामपुर और दादर शामिल हैं। ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए राज्य शासन द्वारा लागू किए गए सुगम एप्प से जिले में रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरु हो गई है। इस प्रक्रिया के तहत जिस जमीन की रजिस्ट्री होग उस जमीन का स्थल पर जाकर फोटो खींचकर राजस्व अमले को सुगम एप्प में अपलोड करना पड़ेगा। इससे जमीन की खसरे नंबर सहित सही लोकेशन प्रदर्शित हो जाएगी। इस प्रक्रिया से जमीन की रजिस्ट्री में पारदर्शिता बढ़ने के साथ कहीं और जमीन की रजिस्ट्री किसी और जगह पे ले जाकर नहीं की जा सकेगी।




फाइल फोटो

### स्टॉम्प वेंडर और पक्षकार दोनों की उपस्थिति अनिवार्य

जमीन रजिस्ट्री के दौरान स्टॉम्प वेंडर और पक्षकार की उपस्थिति रजिस्ट्री के दौरान अनिवार्य रहती है। उसी तरह अब जमीन लोकेशन की फोटो खींचकर सुगम एप्प में अपलोड करने के दौरान स्टॉम्प वेंडर और पक्षकार उस स्थल में मौजूद रहना है जहां की जमीन की रजिस्ट्री की जानी है। इससे जमीन के अक्षांश और देशांत की वास्तविक स्थिति तथा चौहद्दी सामने आ जाएगी। उसके बाद भी अगर दस्तावेज पंजीयन के दौरान गलत जानकारी दी जाएगी तो विक्रेता जिम्मेदार माना जाएगा।

### ऑनलाइन नामांतरण की प्रक्रिया में लग रहा समय

राजस्व कार्यों में सुधार की कड़ी में जमीन के ऑनलाइन नामांतरण की प्रक्रिया भी शुरु की गई है। इस प्रक्रिया के तहत रजिस्टार कार्यालय में जिस जमीन की रजिस्ट्री होती है उसके दस्तावेज ऑनलाइन तहसील कार्यालय में भेजी जाती है। जहां के राजस्व दस्तावेज में नामांतरण की कार्यवाही तहसील कार्यालय में संपन्न होती है। किंतु इस प्रक्रिया में भी समय लगने से आम पक्षकार को तहसील कार्यालय का चक्कर काटना पड़ रहा है।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव के समर्थन में नगर पंचायत पाली का ऐतिहासिक प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पंचायत पाली ने 16 अप्रैल को आयोजित परिषद की बैठक में एक राष्ट्र, एक चुनाव के समर्थन में

**खास बात**

- विकास, स्थिरता और लोकतांत्रिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम, सर्वसम्मति से पारित हुआ प्रस्ताव

सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया। बैठक नगर पंचायत अध्यक्ष अजय जायसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें उपाध्यक्ष तखलाल प्रजापति सहित कुल 16 पार्षद उपस्थित रहे। बैठक में प्रस्ताव क्रमांक 3 के अंतर्गत एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रणाली पर विचार-विमर्श प्रस्तुत किया गया। जिसमें सभी सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए इस ऐतिहासिक संकल्प का समर्थन किया। सदस्यों ने स्पष्ट किया कि यह प्रणाली न केवल प्रशासनिक एवं आर्थिक दक्षता को बढ़ावा देगी। बल्कि विकास कार्यों की निरंतरता, राजनीतिक स्थिरता, मतदाता जागरूकता एवं भागीदारी में वृद्धि करेगी। प्रस्ताव में यह भी उल्लेखित किया गया कि बार-बार होने वाले चुनावों से न केवल विकास कार्य प्रभावित होते हैं, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था और संसाधनों पर भी अत्यधिक दबाव पड़ता है। इस प्रणाली से चुनावी खर्च में भारी कटौती संभव होगी, जिससे करदाताओं के धन का अधिक उपयोग जनकल्याणकारी योजनाओं में किया जा सकेगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा बैठक की सत्यप्रतिलिपि तैयार कर अध्यक्ष के हस्ताक्षर के साथ प्रस्ताव को औपचारिक रूप से पारित किया गया। यह निर्णय देश के प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तावित एक राष्ट्र, एक चुनाव अवधारणा को स्थानीय निकाय स्तर पर मिला स्पष्ट समर्थन है। नगर पंचायत पाली का यह कदम न केवल क्षेत्रीय राजनीति में एक सकारात्मक संदेश भेजता है, बल्कि यह इस विचारधारा को मजबूत करता है कि एक समन्वित, संगठित और सशक्त लोकतंत्र के लिए चुनावी सुधार समय की आवश्यकता है।

# एक ही दिन में पाली और कटघोरा में चोरी की घटनाओं से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी बस्ती वार्ड क्रमांक 10 में शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने अधिवक्ता राकेश पांडेय के सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों का माल पार कर दिया है। अधिवक्ता राकेश पांडेय अपने परिवार के साथ दुर्ग में एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए गया हुआ था। चोरों ने इसी का फायदा उठाकर घर में सेंध लगाई और सोने-चांदी के लगभग 5 लाख रुपये के जेवरातों के साथ नगदी रकम पर भी हाथ साफ कर दिया।

घटना की जानकारी जब घर में काम करने वाली महिला रोज की तरह सफाई के लिए पहुंची तो उसने देखा कि मकान का ताला टूटा हुआ है और अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। महिला ने तुरंत घर के मालिक को फोन कर इसकी सूचना दी। घटना ⏭ शेष पेज 2 पर



चोरों द्वारा कमरे में बिखेरा गया सामान।

### लगातार बढ़ती चोरियों से आमजन डरे-सहमे

गौरतलब है कि इससे कुछ ही घंटे पहले पाली क्षेत्र में भी चोरी की वारदात सामने आई थी। एक ही दिन में दो स्थानों पर हुई चोरी ने जिले की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लगातार हो रही इन घटनाओं से आम लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम बनाई गई है जो जल्द ही मामले का खुलासा करेगी। फिलहाल एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# कर्मचारियों को बंधक बनाकर मारपीट करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आईस्क्रीम फैक्ट्री में कार्यरत दो कर्मचारियों को एडवांस राशि की मांग करने पर फैक्ट्री संचालक व

**खास बातें**

- दो फरार आरोपियों की पुलिस कर रही सरगर्मी से तलाश
- खपराभट्ठा स्थित आईसग्रीम फैक्ट्री में दो कर्मियों को अमानवीय रूप से मारपीट का मामला

उसके साथियों द्वारा कर्मियों को बंधक बनाकर अमानवी रूप से मारपीट की घटना को अंजाम देने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने गिफ्तार कर लिया है, जिसमें एक अपचारी बालक भी शामिल है। चार आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया गया है। वहीं अपचारी बालक को बाल सुधार गृह में भेजा गया है।

सिविल लाइन रामपुर पुलिस द्वारा एक संगीन आपराधिक मामले में तत्परता दिखाते हुए पाँच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिन्होंने अपने दो कर्मचारियों को बंधक बनाकर न केवल अमानवीय रूप से मारपीट की, बल्कि जातिसूचक गालियाँ भी दीं। पीड़ितों को करंट, प्लास और प्लास्टिक पाइप से प्रताड़ित किया गया था। यह घटना कोरबा के खपराभट्ठा, कांशीनगर क्षेत्र में घटित हुई थी। प्रार्थी अभिषेक भांबी उम्र 19 वर्ष निवासी कानिया, गुलाबपुरा, राजस्थान द्वारा थाना गुलाबपुर राजस्थान में दर्ज शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज किया गया। चूंकि घटना स्थल कोरबा का है, इसलिए इस मामले को सिविल लाइन थाना में स्थानांतरित कर विवेचना में लिया गया। वायरल वीडियो के ⏭ शेष पेज 2 पर



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### घटना में प्रयुक्त समान जब्त

आरोपी छोटूलाल को 13 अप्रैल को अपने दो कर्मचारियों विनोद और अभिषेक भांबी पर पैसे चोरी करने का संदेह हुआ। इसके बाद 14 अप्रैल की रात को आरोपियों ने दोनों को कमरे में बंद कर गालियां दी, करंट लगाया, प्लास्टिक पाइप एवं अन्य साधनों से गंभीर मारपीट की। जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए धमकी दी गई एवं पैसे ऐंठे गए। पुलिस ने आरोपियों के पास से मारपीट में प्रयुक्त सामान प्लास, प्लास्टिक पाइप, बैटरी एवं वायर जब्त किया है। इसके साथ ही नकद 20 हजार भी बरामद किए गए।

### पुलिस ने 7 आरोपियों से 68 लीटर अवैध शराब जब्त

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब, मादक पदार्थों एवं अन्य प्रतिबंधित सामग्रियों के विरुद्ध सतत रूप से विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में 18 अप्रैल को की गई कार्रवाई के तहत कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से कुल 68 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त की गई। पकड़े गए आरोपियों में दीपका निवासी अभिमन्यु सिंह कंवर, मुरली निवासी बेदूराम मरावी, भाटापारा निवासी धुरसिंह धनवार व बुधवार सिंह, करतला निवासी अमर सिंह राठिया शामिल हैं। इसके अलावा दो महिला आरोपी जिनमें एक महिला कटघोरा थाना जबकि दूसरी महिला बांकीमोंगरा थाने की है। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## पोड़ी उपरोड़ा जनपद पंचायत में पीएम आवास निर्माण के लिए नहीं मिल रहे मिस्त्री

# एनजीओ के द्वारा किए गए राज मिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम पर खड़े हुए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में पिछले कुछ वर्षों से एनजीओ और स्थानीय लाइवलीहुड कॉलेज के द्वारा राज मिस्त्री के प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाने को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं कि आखिर ग्रामीण अंचलों में जिन एनजीओ के द्वारा राज मिस्त्री का प्रशिक्षण ब्लाक मुख्यालयों में चलाया गया है तो आखिर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले राजमिस्त्री कहां गए सवाल एनजीओ की उस सूची पर भी खड़ा होता है जिन्होंने राज मिस्त्री का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षार्थियों के नाम व पता दर्ज हैं।

स्वरोजगार के लिए जिला पंचायत के प्रशिक्षण केंद्र के साथ साथ जनपद पंचायतों के द्वारा एनजीओ के माध्यम से विभिन्न तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गये थे। जिसमें एक बड़ी राशि का भुगतान एनजीओ को किया गया था। प्रशिक्षण देने वाले एनजीओ के द्वारा बकायदा अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर भुगतान भी प्राप्त कर लिया था। अब जब पीएम आवास योजना के तहत गांव गांव में आवास निर्माण का काम तेजी पकड़ रहा है जिसके लिए मजदूर तो मिल जा रहे हैं किंतु राज मिस्त्री का मिलना मुश्किल हो गया है। बीते शुक्रवार को कलेक्टर का दौरान जनपद पंचायत पोड़ी क्षेत्र का हुआ उस दौरान उन्होंने पीएम आवास के निर्माण के लिए समीक्षा बैठक आयोजित की तो उक्त बैठक में मिस्त्री नहीं मिलने की जानकारी सामने आई। इस पर कलेक्टर ने जनपद सीईओ को ट्रेनिंग कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए जबकि एनजीओ के द्वारा ऐसे ट्रेनिंग कार्यक्रम जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र में चलाए जा चुके हैं। जिसमें गांव के युवाओं को राज मिस्त्री का प्रशिक्षण दिया गया है।




जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा।

### नहीं मिल रही प्रशिक्षार्थियों की सूची

जिन एनजीओ के द्वारा राज मिस्त्री जैसे प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षार्थियों की सूची तैयार की गई है उक्त सूची आज तक सार्वजनिक नहीं हो सकी है कि आखिर किस जनपद में कितने ग्रामीण युवाओं को राज मिस्त्री प्रशिक्षण दिया गया है। उक्त सूची में प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं के नाम और उनके पते दर्ज हैं। अगर उक्त सूची का भौतिक सत्यापन किया जाए तो एनजीओ के द्वारा एक ही हितग्राहियों को कई तरह के प्रशिक्षण देने और फर्जी हितग्राही तैयार कर प्रशिक्षण देने का एक बड़े मामले का खुलासा हो सकेगा। या फिर उक्त सूची के आधार पर प्रशासन प्रशिक्षार्थियों की खोज करे तो पीएम आवास के लिए राज मिस्त्री गांव गांव में मिल जाएंगे किंतु उक्त सूची का मिलना ही कठिन हो गया है।

## खबर संक्षेप



### पुस्तक लेखन के लिए शिक्षक शांतिलाल हुए सम्मानित

**मड़वारानी।** शिक्षक शांति लाल कश्यप जिन्होंने पुस्तक आपदा प्रबंधन एवं बचाव नामक राज्य स्तरीय पुस्तक के निर्माण में योगदान दिया। जिसका विमोचन 13 अप्रैल को न्यू सर्किट हाउस रायपुर में आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा की उपस्थित में संपन्न हुआ। इस पुस्तक की संपादनकर्ता, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका सुश्री के शारदा हैं, जिन्होंने राज्य के विभिन्न 33 जिलों के समर्पित शिक्षकों की एक टीम बनाकर पुस्तक का निर्माण किया। पुस्तक के लेखन में धर्मानंद गोजे, प्रीति शांडिल्य, कृष्णपाल राणा, संतोष कुमार पटेल, पुष्पेंद्र कुमार कश्यप, संतोष कुमार तारक, ज्योति बनाफर, श्वेता तिवारी, शांति लाल कश्यप, मधु तिवारी, रिंकल बग्गा, योगेश कुमार साहू, लक्ष्मण बाँधेकर, यशवंत कुमार पटेल, विनोद कुमार डडसेना, ममता सिंह, समीक्षा गायकवाड़, चंचला चंद्रा, महेंद्र कुमार चंद्रा, ब्रजेश्वरी रावटे, गुलजार बरेठ, रश्मि वर्मा, पूनम उर्मलिया, अनामिका चक्रवर्ती, शिवकुमार बंजारे, अमरदीप भोगल, डोलामणी साहू, समता सोनी, नंदा देशमुख, वसुंधरा गोजे, शुभम तिवारी, रामलाल केवट, सुप्रिया शर्मा, डॉ गोपा शर्मा ने योगदान दिया है।

### पाली में डामरीकरण टायरिंग कार्य का नपं अध्यक्ष ने किया शुभारंभ



**पाली।** नगर पंचायत पाली अंतर्गत वार्ड क्रमांक 12 में सड़क का जीर्णोद्धार करने डामरीकरण टायरिंग कार्य का शुभारंभ किया। रहवासियों की मांग और सुविधा को ध्यान में रखते हुए उक्त कार्य का शुभारंभ नपं अध्यक्ष अजय जायसवाल ने पूजा अर्चना कर किया। उक्त सड़क में डामरीकरण टायरिंग करने से लगभग दो दर्जन परिवार सहित, गार्डन, छात्रावास, मंगल भवन, स्कूल आदि स्थानों में पहुंचने लोगों को सुविधा होगी। इस अवसर पर नपं अध्यक्ष अजय जायसवाल, उपाध्यक्ष लखन लाल प्रजापति, पार्षद श्रीमती दीप्ति दीपक शर्मा, पार्षद तूफान सिंह राज, गीता शुक्ला, संतोष देवांगन, जितेंद्र माटे, बंटी जायसवाल, रमाशंकर जायसवाल सहित नगर वासी उपस्थित थे।

### भिलाईखुर्द में मनाया गया पोषण पखवाड़ा

**कोरबा।** महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय द्वारा पोषण पखवाड़ा 7 संस्करण 8 से 22 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। जिले भर में विशेष पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। राज्य महिला व बाल विकास विभाग मंत्रालय के निर्देश तथा प्रत्येक दिन सेक्टर सुपरवाइजर के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्रों में समुदाय आधारित कार्यक्रम किया जा रहे हैं। इस प्रकार से शनिवार 19 अप्रैल को शहरी परियोजना के अंतर्गत सीतामढ़ी सेक्टर के आंगनबाड़ी केंद्र भिलाई खुर्द वार्ड क्रमांक 10 में 19 अप्रैल को पोषण पखवाड़ा गतिविधियों के तहत सास बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में गर्भवती शिशु वटी और समुदाय उपस्थित थे और इन्हें पोषण संबंधित विभिन्न जानकारी दी गई। साथ ही साथ स्तनपान को सशक्त 6 महीने तक जारी रखने के विषय में बताया गया। स्वच्छता के विषय में और 1000 दिन के महत्व को समझाया गया। इस संबंध में सीतामढ़ी सेक्टर सुपरवाइजर स्वाति राठौर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राजिन पटेल, माधुरी पांडे, मिथिलेश मेरी, सुनीता यादव, चमारिन, सुकवारा, राजेश्वरी, मीना पटेल, दीपा पटेल सहित अन्य गांव की महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित थे।

## चार्जिंग प्वाइंट पर खर्च होंगे 1 करोड़ 33 लाख

# दर्री में 5 करोड़ 78 लाख से हो रहा ई-बसों के टर्मिनल का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में लगभग 5 करोड़ 78 लाख की लागत से टर्मिनल का निर्माण किया जा रहा है। टर्मिनल बनाने का कार्य अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी के देखरेख में किया जाएगा। नगर निगम ने 10 माह में टर्मिनल के कार्य को पूरा करने का लक्ष्य रखा है। दर्री में जहां सिटी बसों के लिए डिपो बनाया गया है। उसी परिसर में खाली पड़ी लगभग डेढ़ एकड़ जमीन पर टर्मिनल का निर्माण किया जाएगा।

**खास बात**

- टर्मिनल में लगाए जाएंगे पांच चार्जिंग प्वाइंट, रेस्ट रूम व वाशिंग सेंटर की होगी सुविधा

टर्मिनल सेंटर में बस चालकों के लिए रेस्ट रूप मनाए जाएंगे। बसों को धोने के लिए वासिंग सेंटर बनाए जाएंगे। इसके अलावा 5 चार्जिंग प्वाइंट भी लगाए जाएंगे। अर्बन सोसायटी टर्मिनल में केवल चार्जिंग प्वाइंट उपलब्ध कराएगी। बसों को चार्ज करने के लिए जरूरी चार्जर आदि की व्यवस्था बस संचालित करने वाली कंपनी खुद करेगी। इसके लिए निगम की ओर से जरूरी सभी तैयारियां की जा रही है। निगम का कहना है कि बसें कब तक जाएंगी। यह अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन इसके पहले की तैयारी की जा रही है। ताकि बसें मिलने पर उन्हें जल्द से जल्द पर सड़क पर उतारा जा सके। टर्मिनल के निर्माण पर लगभग पांच करोड़ 78 लाख रुपए खर्च होंगे। चार्जिंग प्वाइंट सब स्टेशन बनाने के लिए अलग से निविदा जारी की गई है। सभी ई-बसें बिजली से चार्ज होंगी। इन बसों का चार्ज करने के लिए टर्मिनल में एक अलग से सेटअप की जरूरत होगी। इसके लिए भी अर्बन सोसायटी की ओर से तैयारियां की जा रही है। टर्मिनल परिसर में 33 केवी का नया बस स्टेशन बनाया जाएगा। यहां एक हजार केवीए 0.415 का नया ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा पैनल रूम भी बनाया जाएगा, ताकि बसों को टर्मिनल के इलेक्ट्रिक सेक्शन में चार्ज किया जा सके। इस कार्य पर नगर निगम 1 करोड़ 33 लाख 43 हजार रुपए खर्च करेगा। इलेक्ट्रिक सेक्शन की स्थापना के लिए छह माह का समय निर्धारित किया गया है। ठेकेदार को इसी अवधि में पैनल रूम और सब स्टेशन बनाने के लिए कहा गया है। इन दोनों कार्यों के पूरा होने के बाद ही कोरबा में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए जरूरी सुविधाएं टर्मिनल में उपलब्ध हो सकेंगी। वर्तमान में इस टर्मिनल से सिटी बसों का संचालन किया जाता है।


फाइल फोटो

**40 इलेक्ट्रिक बसों को चलाने की योजना**

शहर में 40 इलेक्ट्रिक बसों को चलाने की योजना बनाई गई है। इन बसों का संचालन पीएम ई-बस सेवा के तहत किया जाएगा। इस कार्य के लिए केंद्र सरकार राशि प्रदान कर रही है। हाल ही में प्रदेश सरकार की ओर से भी इन बसों के संचालन को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं और इसके लिए जरूरी स्वीकृति प्रदान की गई है। टर्मिनल का निर्माण समय पर हो और चार्जिंग के लिए पैनल लगाए जाए, इसके लिए प्रदेश सरकार ने राशि भी जारी की है। जिले में इलेक्ट्रिक बसों को चलाने के लिए जरूरी प्रक्रिया शुरू हो गई है। बसों के लिए दर्री के प्रतिक्षा बस स्टैंड परिसर में नया टर्मिनल बनाया जाएगा। यह टर्मिनल लगभग डेढ़ एकड़ क्षेत्र में बनेगा।

**अभी मार्ग निर्धारित नहीं**

शहर में कुल 40 इलेक्टिक बसें चलाने की योजना है। इसमें 20 छोटी और 20 बड़ी बसें है। ये बसें किन-किन मार्गो पर चलेगी। इसके लिए निर्धारण नहीं हुआ है। अर्बन सोसायटी का कहना है कि केंद्र सरकार से बसें प्राप्त होने के बाद इस पर आगे चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे।

# कोयला कर्मचारी पेंशन फंड में हुआ बदलाव


बैठक में उपस्थित प्रबंधन के अधिकारी व श्रमिक नेता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला सचिव विक्रम देव दत्त की अध्यक्षता में नई दिल्ली में सीएमपीएफ की 184वीं बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पेंशन फंड को मजबूत करने के लिए कई अहम फैसले लिए गए। सींगरेनी कंपनी अब कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों की तरह 20 रुपये प्रति टन की दर से सेस देगी। कंपनी के सीएमडी ने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है।

**खास बात**

- निवेश दर 7 से बढ़कर हुई 10 प्रतिशत

पेंशन फंड में वृद्धि के लिए कोल इंडिया की तरह एनसीपीसी और अन्य कमर्शियल माइनिंग को भी सीएमपीएफ में शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया। कर्मचारियों के हित में सीएमपीएफ फंड का निवेश दर 7 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत किया जाएगा। यह राशि म्यूचुअल फंड (ईटीएफ) में निवेश की जाएगी। बीएमएस संगठन ने 1971 के कोयला कर्मियों के परिवार के लिए न्यूनतम पेंशन एक हजार रुपये से बढ़ाकर 5 हजार रुपये करने की मांग की है। वर्तमान सीएमपीएफ कमिश्नर की सेवानिवृत्ति के बाद नए कमिश्नर की जल्द नियुक्ति की मांग भी की गई। मई 2025 से सीएमपीएफ की सभी सेवाएं पूरी तरह ऑनलाइन हो जाएंगी। बैठक में कर्मचारियों की पदोन्नति, स्थानांतरण और छुट्टी संबंधी मामलों पर भी चर्चा की गई।

# नियमितीकरण की आस में बैठे हुए हैं संविदा आयुर्वेद चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के विभिन्न स्थानों में अपनी सेवाएं दे रहें संविदा पद पर पदस्थ आयुर्वेद चिकित्सकों को नियमितिकरण की आस बनी हुई है। जिले में ऐसे आयुर्वेद चिकित्सकों की संख्या 45 है जिनको सेवा देते हुए 15 से 20 वर्ष हो गया है। वर्ष 2018 में कैबिनेट की बैठक में नियुक्तिकरण का क प्रस्ताव पारित हुआ था पर अब तक अमल नहीं हो सका है।

**खास बातें**

- 20 वर्ष हो गए सेवा देते, ग्रामीण अंचलों में हैं पदस्थ
- वेतन के अलावा अन्य कोई भत्ता नहीं मिलता चिकित्सकों को

आयुर्वेद चिकित्सा के विस्तार योजना के अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्रामीण अंचलों में आयुर्वेद डिस्पेंसरियों की स्थापना कर विभाग के द्वारा संविदा पद पर आयुर्वेद चिकित्सकों की भर्ती की गई थी। वर्ष 2004 में शुरु हुई भर्ती के दौरान जिले को संविदा आयुर्वेद चिकित्सक मिले थे। जिनकी संख्या आज 45 तक पहुंच गई है। संविदा चिकित्सकों की पदस्थापना आयुष विभाग की पॉली क्लीनिक, जिला चिकित्सालय के आयुष विंग के अलावा प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी की गई है। भर्ती के दौरान सेवा अवधि के समय वेतन के अलावा अन्य भत्ते दिए जाने का भी प्रावधान दिया गया था। इस प्रावधान के तहत प्रतिवर्ष इन चिकित्सकों का वेतन बढ़ता रहा किंतु पिछले 8 साल से इन चिकित्सकों का वेतन बढ़ना भी बंद हो चुका है। जिसे लेकर आयुर्वेद चिकित्सा संघ के द्वारा जिला प्रशासन के साथ राज्य शासन को भी पत्र प्रेषित किया गया था। किंतु इनकी नियमितिकरण तो दूर की बात इनका वेतन बढ़ाने के पुराने आदेश पर अमल नहीं किया गया है।

**इन जगहों पर दे रहे हैं सेवाएं**

संविदा आयुर्वेद चिकित्सकों के द्वारा जिले के ग्रामीण अंचलों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इनमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेमरु, अजगरबहार, श्यांग, जटगा, मोरगा, पाली, करतला जैसे क्षेत्र शामिल हैं। भर्ती के दौरान इन चिकित्सकों के साथ यात्रा भत्ता दिए जाने की शर्ते भी लागू की गई थी। वह यात्रा भत्ता भी इन्हें बीते आठ वर्ष से अप्राप्त है।

# सीएम के नेतृत्व में प्रदेश का हो रहा तेजी से विकास: लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में राज्य का तेजी के साथ विकास हो रहा है। एक ओर जहां राज्य की प्रगति की सभी दिशाओं में व्यापक पैमाने पर कार्य हो रहे हैं। उद्योग धंधे बढ़ रहे हैं, युवाओं को रोजगार मिल रहा है। वहीं दूसरी ओर दर्जनों जन हितैषी योजनाओं का क्रियान्वयन कर आम जनता को इन योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है।

**खास बातें**

- उद्योग मंत्री ने दी एक करोड़ 4 लाख रुपए के विकास कार्यों की सौगात
- चार वार्डों के विकास कार्यों का किया गया भूमिपूजन

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने नगर निगम के दर्री जोन के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 47, 49, 51 व 52 में एक करोड़ चार लाख रुपए के विकास व निर्माण कार्यों के भूमिपूजन के दौरान कही। इस दौरान उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद विश्व पटल पर देश का मस्तक ऊँचा किया है, देश का सम्मान विश्व स्तर पर बढ़ाया है। जहां तक कोरबा के विकास का प्रश्न है तो मैं कोरबा की देवतुल्य जनता को यह विश्वास दिलाना चाहता हूं कि कोरबा के समग्र विकास में कोई भी बाधा नहीं आने दी जाएगी और यहां के विकास के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने अभियंताओं को निर्देश देते हुए कहा कि भूमिपूजन के पश्चात तत्काल निर्माण कार्य प्रारंभ कराए। इस मौके पर महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री व नगरीय विकास मंत्री अरुण साव एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के मार्गदर्शन में शहर का तेजी के साथ विकास हो रहा है। विशेषकर मूलभूत सुविधाओं की बेहतरी से जुड़े कार्यों पर खास फोकस रखा जा रहा है। महापौर ने अभियंताओं व निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता व समय सीमा पर विशेष ध्यान दें तथा पूरी गुणवत्ता व वर्क क्वालिटी के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्यों को पूरा करें। भूमि पूजन कार्यक्रम में पार्षद नरेंद्र देवांगन, एमआईसी सदस्य फिरतराम साहू, सरोज शांडिल्य, अजय कुमार चंद्रा, पार्षद विनम्र कुमार तिवारी, राधा महंत, सम्मत कुँवर कंवर, मुकुंद सिंह कंवर, किशनलाल केवट, सुखविंदर कौर, जनक सिंह राजपूत, कल्यानीबाई यादव आदि उपस्थित थे।


भूमिपूजन के दौरान वार्डवासियों से मिलते उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन।

**इन वार्डों में विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन**

निगम द्वारा कोरबा द्वारा 25 लाख रुपए की लागत से वार्ड क्रमांक 47 जमनीपाली में कांजी हाउस का जीर्णोद्धार एवं विकास का कार्य किया जाना है। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 49 अगार खार में सांस्कृतिक मंच के पास 25 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन, किचन शेड का निर्माण, वार्ड क्रमांक 51 सरदार वल्लभभाई पटेल नगर में सामुदायिक भवन के ऊपरी तल पर 25 लाख रुपए की लागत से हाल व कक्ष का निर्माण तथा वार्ड क्रमांक 25 दर्रीखार में 25 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाना है।

# हसदेव नदी के डुबान क्षेत्र में मिले नरकंकाल की हुई शिनाख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबी चौकी क्षेत्र में खजूरपारा के पास हसदेव नदी के डुबान क्षेत्र के किनारे मिले नर कंकाल की शिनाख्त हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद कोरबा की सीन ऑफ क्राइम मोबाइल यूनिट की वैज्ञानिक अधिकारी डॉ.राजश्री सिंह, महिला आरक्षक रूबिना बेगम और आरक्षक राजेश कुमार चंद्रा अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने कंकाल और आसपास के क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण में एक टी-शर्ट और शाल मिली, जिसके आधार पर ग्रामीणों ने कंकाल की पहचान सुराज सिंह सरूता (40 वर्ष) के रूप में की। कंकाल और कपड़ों को एकत्र कर एफएसएल जांच के लिए भेजने के निर्देश दिए गए। एफएसएल जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।



# अवैध कटाई का मामला, कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



करतला वन विभाग के मैदानी अमला की निष्क्रियता और उदासीनता के कारण जंगलों के भीतर पेड़ अवैध कटाई का शिकार हो रहे हैं। बड़े पैमाने पर वृक्षों को काटकर उनके टुकड़े-टुकड़े कर एक तरह से चोरी करने का आरोप लगाया जा रहा हैं। जिला पंचायत कोरबा सभापति सावित्री अजय कंवर ने अवैध पेड़ कटाई के इस मामले के संज्ञान में आने के बाद वनपरिक्षेत्र अधिकारी करतला को कार्यवाही करने का निर्देश दिया है।

आरोप लगाते हुए आगे बताया जा रहा हैं कि करतला वनपरिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम काशीपानी, साजापानी के जंगल में भी अवैध कटाई का मामला सामने आया है। जंगल के भीतर हरे भरे वृक्षों को काट दिया गया है, जिसके ठूंठ और कटे हुए अवशेष सहज ही देखे जा सकते हैं। वृक्षों को काटने के बाद यहीं पर छोड़ दिया गया है, जिसकी जप्ती विभाग को बनानी चाहिए, लेकिन इसमें भी कोताही बरती जाती है। साथ ही विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है।




# विधायक के फर्जी लेटरपैड से डीएमएफ से मांगे 20 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। रामपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक फूल सिंह राठिया के लेटरपैड का दुरुपयोग कर किसी ने डीएमएफ से 20 लाख रुपए की राशि स्वीकृत करा ली।

**खास बात**

- रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया के हस्ताक्षर में पकड़ा गया फर्जीवाड़ा
- शिकायत के बाद पुलिस कर रही जांच

मामले का खुलासा तब हुआ जब संबंधित विभाग ने हस्ताक्षर सत्यापन के लिए पत्र भेजा। विधायक प्रतिनिधि प्रवीण ओगरे ने कहा कि न तो विधायक और न ही उनके कार्यालय से कोई आवेदन या स्वीकृति के लिए पत्र जारी किया गया था। जांच में पता चला कि चांपा रोड, कनकी और सदुकला रोड के लिए फर्जी तरीके से आवेदन किया गया था। कोरबा सीएसपी भूषण एक्का के अनुसार करतला रामपुर विधायक के नाम से फर्जी लेटरपैड का इस्तेमाल कर कलेक्टर कार्यालय में काम की स्वीकृति के लिए आवेदन दिया गया था। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विधायक ने अपने प्रतिनिधि के माध्यम से पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी में है। यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी डीएमएफ के दुरुपयोग के कई मामले सामने आ चुके हैं। खनिज न्यास मद के दुरुपयोग का मामला पहले से ही जांच एजेंसियों के पास लंबित है। कुछ लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा चुकी है।


विधायक फूलसिंह







